# SHRI MAHALAXMI SHIKSHAN SANSTHAN


**Nurturing & Empowering the Future**

# उदयन

Newsletter-2022

बसंत संस्करण ISSUE - 1/ JAN. 2022

**Challenge... Learn... Achieve...**




Garima Sharma (B.A. II Year)

## संस्थान परिचय

जिस प्रकार एक बीज नन्हे से पौधे से कालान्तर में अपनी असंख्य शाखाओं के साथ वट-वृक्ष का रूप धारण करता है, जिस प्रकार एक शिशु मानवीय शक्तियों से पोषित होकर महामानव बनता है। ठीक उसी प्रकार हमारा यह संस्थान अपनी शैश्वावस्था को पार कर अपने यौवन की सात्विक दीप्ति से प्रकाशित हो, शिक्षा जगत के क्षेत्र में अपनी स्वपोषित शाखाओं सहित एक सुदृढ़ वट वृक्ष के रूप में आज अपनी गरिमा बढ़ा रहा है। इसके वर्तमान स्वरूप के पीछे समाज के दूरदर्शी पुरोधाओं की दृढ़ निष्ठा, समर्पित शिक्षकों का श्रम एवं मेधावी छात्र-छात्राओं की अहम् भूमिका रही है।

इस वट-वृक्ष की नींव बालिका शिक्षा को ध्यान में रखते हुए जालोरी गेट में सन् 1920 में रखी गई। संस्थान का मूल उद्देश्य बालिकाओं को एक ही छत के नीचे शिक्षण प्राप्ति की सभी सुविधाऐं उपलब्ध करवाना है।

E-Sector, Pratap Nagar, Jodhpur • Tel. : 0291-2763467, 2620634, 2620636, 2763191
Web. : www.shrimahalaxmigirlscollege.com / www.ldmpublicschool.com
shrimahalaxmishikshansanthan

## Management Committee

- **Patron** Nand Kishore Shah
- **President** Manohar Lal Pungalla
- **Vice President** Dr. Shashikala Manihar
- **Secretary** Anurag Lohiya
- **Joint Secretary** Sudhir Sharda
- **Treasurer** Pankaj Rathi
- **Member** Harigopal Rathi
- **Member** Omprakash Pungalla
- **Member** Aruna Taparia
- **Member** Dinesh Kumar Pedlwal
- **Member** Kailash Jaju
- **Member** Manmohan Shah
- **Member** Om Prakash Rathi
- **Member** Ranish Dargar

## Our Units


- **Shri Mahalaxmi Girls Sr. Sec. School, Pratap Nagar**
  (Hindi Medium, RBSE)
- **Laxmi Devi Mundra Public School**
  (Co-Education, English Medium, Affiliated With CBSE)
- **Shri Mahalaxmi Girls College**
  (Affiliated with Jai Narain Vyas University, Jodhpur )
- **Shri Mahalaxmi Mahila Shikshak Prashikshan Mahavidhalya**
  (Affiliated with Jai Narain Vyas University, Jodhpur )
- **Shri Mahalaxmi Mahila Basic School Training College**
- **Shri Mahalaxmi Girls Sr. Sec. School, Jalori Gate**
  (Co-Education, English Medium)

## Principals

- **Rekha Bhatnagar**
  Shri Mahalaxmi Girls Sr. Sec School
- **Prem Prakash Sharma**
  Laxmi Devi Mundra Public School (English Medium)
- **Dr. Jyotsana Vyas**
  Shri Mahalaxmi Girls College
- **Dr. Sandhya Shukla**
  Shri Mahalaxmi Mahila Shikshak Prashikshan Mahavidhalya
- **Shashi Bhansali**
  Shri Mahalaxmi Mahila Basic School Trainning College
- **Teena Vyas**
  Shri Mahalaxmi Girls Sr. Sec. School, Jalori Gate


## Editorial Board

- **Dr. Jyotsana Vyas** (Editor-in-Chief)
- **Neeta Taparia** (Editorial Coordintor)
- **Rashmi Purohit** (Editor)
- **Prabhakar Prasad Shukl** (Editor)
- **V. B. Goyal** (Editor)



## अध्यक्ष की कलम से..

**मनोहरलाल पुंगलिया**
अध्यक्ष

मानव के जन्म के साथ ही शिक्षा का भी जन्म माना जाता है। मानव जीवन को विकसित करने के लिए शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा देश हजारों सालों की संस्कृति एवं संस्कार को आज तक संजोकर रख सका है। इसी के बल पर चलकर देश भविष्य में दुनिया को भी नई दिशा दिखा सकता है। वर्तमान शताब्दी में मानव शिक्षा, विज्ञान व तकनीक द्वारा ऐसी क्रांति लाने के मुहाने में खड़ा है जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती। इस क्रांति का दायरा कोई एक देश न होकर सम्पूर्ण धरातल होगा।

बड़े गर्व की बात है कि यह संस्थान आज 101 वर्ष पूर्ण कर चुका है और अपने उद्देश्यों को बखूबी प्राप्त कर रहा है। शिक्षा का उन्नयन, सामाजिक सरोकार, स्वास्थ्य शिक्षा, जनकल्याण, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता, सांस्कृतिक उत्थान, सरकारी योजनाओं का कार्यान्वयन आदि क्षेत्रों में सक्रियता से सहयोग करता रहा है और अपनाता रहा हैं। संस्थान ने शैक्षिक क्षेत्र में जो ख्याति अर्जित की है, उससे कहीं अधिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भी साकार किया है। अपने अनुशासन, आत्मविश्वास, धैर्य, पारदर्शिता, अपनेपन और कार्य तत्परता के लिए मशहूर यह संस्थान उत्तरोत्तर जन आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए तत्पर रहा है।

वर्तमान में जब सारा संसार कोविड–19 की चपेट में है, सब तरफ इस महामारी का हाहाकार है, आये दिन दुःखद समाचार सुनाई पड़ते हैं, ऐसी स्थिति में यह संस्थान आप सभी के सहयोग से और शिक्षा–विकास से नवीन शक्ति और ऊर्जा प्राप्त कर वर्तमान परिस्थितियों का सामना करने में सक्षम हुआ है। इसमें शिक्षार्थियों, शिक्षकों, अभिभावकों, कर्मचारियों एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का योगदान प्रशंसनीय रहा है।

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि संस्थान अपनी पहली पत्रिका 'उदयन' का प्रकाशन करने जा रहा है। यह पत्रिका संस्थान की गतिविधियों की झाँकी प्रस्तुत करने में सक्षम होगी। खुशी की बात है कि सम्पादक मण्डल के अथक प्रयासों के बाद पत्रिका समय पर आपके हाथों में पहुँचा पाए।

मेरे विचार से संस्थान को इस तरह तैयार करना है जहाँ के शिक्षार्थी शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् आर्थिक रूप से मजबूत होकर स्वावलंबी बन भारतीयता का परचम फहराएँ।



## Secretary's Desk

*Anurag Lohiya*
Secretary

*"Education is the most powerful weapon which you can use to change the world*
*" Nelson Mandela.*

*Indeed it's a matter of great pride & honour for me to be a part of this glorious Institute "Shri Mahalaxmi Shikshan Sansthan" which is dedicated to Girl's education from last 100 years.*

*"To educate a women is to educate an entire generation. "*

*I from the beginning had an inclination towards all round grooming of child's personality viz physical, mental, social & spiritual. So to develop these attributes, we did a series of magnificent programs & activities. Some of them are as follow:*

- *Motivational lecture series.*
- *Workshop on Girl's Safety.*
- *Programme based on Shrimad Bhagwat Geeta to impart moral values.*
- *Women health & hygiene awareness camp*
- *Vaccination Camp.*

*And many more interactive programmes.*

*Such programmes gave wonderful opportunities to students & staff to improve their IQ (Intelligence Quotient), EQ (Emotional Quotient) and now the most important and the futuristic SQ (Social Quotient). I'm extremely thankful to our President Shri Manohar Lal Pungalia for his future focused vision and our entire Management Committee for their endless support. I'm thankful to all Principals, Teachers & Staff who are throughout supportive & considerate, stood by our motto in hard times and imbibed the qualities of perseverance and self confidence in the students. At the same time, I congratulate Editorial team for their untiring efforts.*

*Words & ideas can change the world, have faith in yourself, stick to values, maintain integrity, stand for what you think is right and be courageous to think different. Nevertheless, the change begins with you.*

## संपादकीय

### शिक्षा से संस्कार का सरोकार

''शिक्षा मनुष्य में निहित पूर्णता का विकास है।'' – स्वामी विवेकानन्द

शिक्षा द्वारा मनुष्य का निर्माण किया जाता है। मनुष्य केवल वह नहीं जिसके दो हाथ, दो पैर, एक सिर है वरन् मनुष्य वह है जिसमें मनुष्यत्व हो। हम जो भी शिक्षा प्राप्त करते हैं उसका अन्तिम लक्ष्य मनुष्य का विकास करना है, मनुष्य की संकल्प शक्ति जाग्रत करना है, सभ्यता और संस्कृति के संयोग से संस्कारित करना है, भावों व विचारों को इस प्रकार आत्मसात् करना है कि जिससे जीवन का निर्माण हो, मनुष्यत्व आए और दायित्व का बोध हो। आज के इस दौर में जब हम ज्ञान, विज्ञान और तकनीक के युग में आगे बढ़ते जा रहे हैं, हमें यह भी याद रखना होगा कि इन सभी बातों एवं ज्ञान का अस्तित्व तभी तक कायम रह पाएगा, जब हम नैतिकता का पालन करते हुए चरित्रवान और सदाचारी शिक्षार्थी तैयार करेंगे।

आने वाली पीढ़ी को संस्कारित करना केवल शिक्षक के हाथ में नहीं है, इसके लिए माता–पिता, घर–परिवार के बड़े एवं समाज के अग्रकर्त्ता सेवक, राजनेता, धर्मात्मा एवं हम और आप सभी यह उत्तरदायित्व निभाएँ तभी हमारा देश प्राचीन गौरव के साथ–साथ विकास के नवीन पथ पर अग्रसर हो सकेगा। आइए आज ही संकल्प लें कि अपने अनुगामी को संस्कारित करेंगे। इतिशुभम्।

**प्रभाकर प्रसाद शुक्ल** (सहायक आचार्य)ए श्री महालक्ष्मी महिला शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय

### *Thoughts of a Science Teacher*

*Science is the pursuit and application to knowledge and understanding of natural methodology based on evidence. Science describes an area of knowledge typically about something in the physical world that can be explained in scientific method.*

*There are various branches and carrier options in science field. It is important to choose right course after 10th and 12th, which can lead to a rewarding career after completion. The students can make a career in Medical fileds, Dentistry, Microbiology, Biochemistry, Nursing, Therapy, Audiology, Nutrition, Pharmacy, Bioinformatics, Biotechnology, Genetics, Clinical Research, Agriculture, Food science, Environmental science etc. Sky is the limit to provide an exciting career to every students.*

***Meena Bhawnani** (PGT Biology)*
*Guest Faculty, Shri Mahalaxmi Girls Sr. Sec. School*

### *Future Prospects of Commerce and Management*

*Commerce is chariot of human race. Imagining survival and development of human race without commerce and management is just like life without water. Commerce and management are an indispensable source for maintaining world economies. Without professionals of this field any economy will be like a building without foundation or a fallen light house. In the pandemic where what ever resources a nation has are not enough. This pandemic has made a sense of respect creep up across various sections of society including entrepreneurs, managers and CEO's who raised their hand in the pandemic situation This field provides best possible way to deal with all dynamic economic changes, investment knowledge and manage money as it includes accounting, auditing, economics, finance and banking sector.*

*This field offers a plethora of job opportunities - Entrepreneur, Economist, Strategist, Statistician, Operation Research Analyst, Venture Capitalist, Fashion Business, Sports, Certified Financial Planner, Project Manager, Budget Analyst, Human Resource Manager, Research and Development Manager, Risk Management Analyst, Certified Public Accountant, Stock broker, Loan Executive Banker, Accountant (CA, CMA, CFA, CEO, CS) many more field are open to make a wonderful comfortable and remarkable career.*

*This stream is challenging and scoring with highly paid salaries. Commerce students can also analyse self strength and weakness and take advantage of the burgeoning financial environment of the country ! It is a science dealing with the people, which makes it more capable of using human resources for building nation or society which is required for taking lead at world stage.*

***Dr. Sushma Maheshwari,** Asst. Prof. (Commerce Dept.)*
*Shri Mahalaxmi Girls College*

### *About Language*

*Learning language can sometimes be a challenging and trusting experience. Language has creativity and productivity, through language people preserve their communities, history, customs traditions, memory, unique modes of thinking, meaning and expression. They also use it to construct their future. If you talk to a man in a language he understands it that goes to his head, but if you talk to him in his own language that goes to his heart. Language is obviously a vital tool. Not only, it is a means of communicating thoughts and ideas but it forces friendship, culture ties and economic relationship. Throughout history, many have reflected on the importance of language. It improves brain power and problem solving abilities. In teaching each of four skills : listening, speaking, reading and writing. Through proper use of language, we can support students as they develops self-control, builds sense of community and gain academic skills and knowledge. What and how teacher convey to students, is one of the most powerful teaching tool.*

***Sheetal Gehlot** (PGT English) Laxmi Devi Mundra Public School*

## Teacher's Day Celebrations (6-9-2021)



*Teacher's hold the real knowledge, empathy and generosity for their students. We celebrate Teacher's Day yearly in memory of Dr. S. Radha Krishnan.*

*Management Committee felicitated Principals & Teachers of all Units on this auspicious day. Dr. Shashikala Manihar (Vice President) was also felicitated for her contribution in education for almost 40 years.*



## हिन्दी पखवाड़ा ( 14.09.2021 से 28.09.2021 )

संस्थान की समस्त ईकाईयों में "हिन्दी पखवाड़ा" का आयोजन किया गया जिसमें संस्थान के छात्र–छात्राओं ने हिन्दी की महत्ता एवं उपयोगिता पर निबन्ध, कविता, भाषण, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आदि में उत्साहपूर्वक भाग लिया।



## स्वच्छ भारत अभियान ( 2 अक्टूम्बर 2021- गाँधी एवं शास्त्री जयंती )

स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम के तहत गीत, भाषण, नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस उपलक्ष्य में नगर निगम के वार्ड पार्षद अजय जोशी व सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।





## क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का आयोजन ( 25 व 26 अक्टूम्बर 2021 )

जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय के सतत् एवं आजीवन शिक्षा विभाग, जोधपुर एवं श्री महालक्ष्मी शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत क्षमता संवर्द्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें श्री हरिदास जी व्यास, श्रीमती पद्मजा शर्मा, श्री ओ.पी. टाक, श्री दीपक बिस्सा एवं श्री नीलेश संचेती ने अपने अनुभव, ज्ञान एवं विचारों से प्रशिक्षणार्थियों एवं व्याख्याताओं को प्रभावित किया।

## हस्तशिल्प प्रदर्शनी ( 26-10-2021 )

श्री महालक्ष्मी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय व श्री महालक्ष्मी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने हस्तशिल्प प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कृतियों का प्रदर्शन किया, छात्राओं ने अपनी सृजनात्मक क्षमता द्वारा अनुपयोगी वस्तुओं से आकर्षक कृतियों का निर्माण किया तथा अपनी उत्कृष्ट सृजनशीलता का परिचय दिया।







## पाक कला कार्यशाला ( 27.09.2021 व 28.09.2021 )

संस्थान में शेफ अल्का शर्मा द्वारा दो दिवसीय पाक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य छात्राओं को आहार से मिलने वाले पौष्टिक तत्वों की जानकारी देना था। कार्यशाला में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की विधि सिखाई तथा कई सारे पाक कला के गुर भी बताए गए।

## *Classroom Decoration Competition (28th October 2021)*



*Children of Shri Mahalaxmi Girls School, Jalori Gate have participated with full joy and enthusiasm in this competition. Students decorated classes with handcrafted Diyas, Flowerpots & Posters with a message of Safe & Happy Diwali.*





## दीपोत्सव कार्यक्रम

29 अक्टूबर 2021 को संस्थान के सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं तथा छात्राध्यापिकाओं ने रंगोली प्रतियोगिता, दीपसज्जा प्रतियोगिता, मेहन्दी प्रतियोगिता दीवार सज्जा प्रतियोगिता आदि में बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं एक दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दी।

## *Children's Day (14 Nov.2021)*

*On the fun filled occasion of Children's Day the teachers of Laxmi Devi Mundra Public School surprised the students with various entertaining activities in the form of dances play and songs.*






## *Old Age Home Visit (01-12-2021)*

*Shri Mahalaxmi Girls College visited Old Age Home-Jodhana Vardhashram. Activities like songs, dances & heena were organised by students. Two students celebrated their birthday spreading love and warmth in the ambience of the Ashram. Students took the pledge to serve old people. College arranged distribution of gift hampers and other basic requirements to the residents.*





## बालिका सुरक्षा कार्यशाला एवं सम्मान समारोह ( 08-12-2021 )

श्री महालक्ष्मी गर्ल्स कॉलेज में, प्रतापनगर सदर थाना अधिकारी, **श्रीमती मुक्ता पारीक** का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने अपनी समस्याओं के वैधानिक समाधान भी जाने। थानाधिकारी महोदया ने शोषण के खिलाफ आवाज उठाने एवं आत्मविश्वासी बनने का संदेश दिया।

## ''व्यक्ति से व्यक्तित्व तक का सफर'' व्याख्यान ( 17-12-2021 )

बहुमुखी प्रतिभा के धनी **सी.ए. भूषण तोषनीवाल** ने गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को सफलता के लिए समय नियोजन, सकारात्मक सोच तथा आत्मविश्वास की महत्ता बतायी तथा अपनी संघर्षमयी जीवनी से भी छात्राओं को प्रेरित किया। भूषण जी ने अपनी सुरीली आवाज से भी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।








## शिक्षाप्रद प्रस्तुतीकरण ( 19.12.2021 )

''यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरूते लोकस्तदनुवर्तते।।''

श्रेष्ठ पुरुष जो जो आचरण करता है, अन्य पुरुष भी वैसा–वैसा ही आचरण करते हैं। वह जो कुछ भी प्रमाण कर देता है, समस्त मनुष्य समुदाय उसी के अनुसार बरतने लग जाता है।

**संत श्री रामप्रसाद जी बड़ा रामद्वारा,** सूरसागर के सानिध्य में तथा **श्री मदन जी पुंगलिया** के मार्गदर्शन में गीताबाल संस्कार शिविर, जोधपुर के करीब 30 बच्चों ने संस्थान सभागार में श्रीमद्भागवत गीता पाठ, भजन, अंताक्षरी और जीवन के कुछ सारगर्भित तत्वों की ओर श्रोताओं का ध्यान आकर्षित किया। सभी बच्चों को गीता के सभी श्लोक कंठाग्र थे। खचाखच भरे सभागार में सभी श्रोता मंत्रमुग्ध थे। वे बच्चों को ध्यान से सुन ही नहीं रहे थे अपितु उनसे बहुत कुछ सीख भी रहे थे। ऐसा लगा कि किसी ने ठीक ही कहा है –

'' तेजसां हि न वयः समीक्ष्यते।''

अर्थात् ज्ञानरूपी तेज से परितप्त तेजस्वी पुरुषों की उम्र नहीं देखी जाती।

## बालिका स्वास्थ्य अभियान ( 22 व 23 दिसम्बर 2021 )

संस्थान में बालिका स्वास्थ्य के लिए विशेष अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत बालिकाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए वर्षभर सेमीनार और शिविर का आयोजन किया जायेगा। समारोह में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की **अध्यक्ष श्रीमती संगीता बेनीवाल** मुख्य अतिथि थीं। दंत रोग चिकित्सक **डॉ श्वेता चंदेला** और स्त्री रोग विशेषज्ञ **डॉ चेतना अग्रवाल** ने बालिकाओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी देने के साथ ही बालिकाओं की शंकाओं का भी समाधान किया तथा इसके तहत ही कैम्प भी आयोजित किए गये ।






## Christmas & Red Day Celebration (24-12-2021)

Jingle Bells, Jingle Bells, Jingle all the way..., a fantastic performance by the students of LDM Public School, in Red attire.




## दो दिवसीय वैक्सीनेशन शिविर ( 6 व 7 जनवरी 2022 )

श्री महालक्ष्मी शिक्षण संस्थान में कोविड–19 महामारी को ध्यान में रखते हुए कोविड वैक्सीनेशन के दो दिवसीय शिविर का अयोजन किया गया जिसमें समस्त ईकाइयों के करीब 300 छात्र–छात्राओं का टीकाकरण किया गया।


संस्थान-अखबारों में ...
शिक्षकों को किया सम्मानित
महालक्ष्मी शिक्षण संस्थान : हिन्दी दिवस निबंध प्रतियोगिता आयोजित
आसान और इंस्टेंट रेसिपी
गांधी व शास्त्री जयंती
गीत, भाषण, नृत्य व नुक्कड़ नाटक
किया, सम्मान समारोह
क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम
बनाने के गुर सिखाए
संस्थान में कोविड वैक्सिनेशन
कैम्प का आयोजन किया
सब्जियां बनाना सिखाया



## HARD WORK & PUNCTUALITY IN STUDENT'S LIFE

*Prakrati Tanwar* IX-A
Laxmi Devi Mundra Public School

*Hard work and Punctuality are essential for a happy and successful life. They help in meeting the desired goals of our life. It plays a very important role in the life of a student. A student's life is the building block of his future. He must practice punctuality and hard work in his daily life in order to achieve his goals and be successful. These days there is a lot of pressure on students. They can overcome all this with organized work which adds to their efficacy. Organized work and punctuality go hand in hand. If a student does everything in time by making and following a time - schedule ethically, he will never lag behind.*

*Hard work, which is the key to success will help a student to enhance his skills. It will also increase his confidence which is a must for all students. A student must know the importance of time. " Time once gone never comes back " is an old saying and a student must keep it in mind. A student must know how to manage his precious time because student life is the most important part of one's life and here if time is lost, it means everything is lost. He should be his own manager and a good manager is one who does the right thing at the right time and at the right place.*

*So all of these three things should be kept in mind by a student if he wants to establish good grounds for his future.*

*The youth has to face neck-to-neck competition in all the fields especially in the academic field. Instead of creating a mess to accomplish all his tasks a student should manage all his choices that also without being frustrated. First of all he should have a proper time-table for all his activities. To avoid unnecessary pressure of handling his studies as well as other activities like, sports, etc. He should set his priorities for the period and act accordingly. The foremost thing is that he should not waste his time at any cost.*

*To sum up, a student must realise the importance of hard work and punctuality in his life and make them a part of his routine to be successful in his life.*

## वो बचपन का दौर जो बीता



प्रियंका खींची
कक्षा–VII-A
श्री महालक्ष्मी गर्ल्स सी. सै. स्कूल

वो बचपन का दौर जो बीता
जिंदगी का सबसे पल था वो मीठा
कितनी प्यारी लगती थी दादी और नानी
जो हमको सुनाती थी किस्से और कहानी
छोटी सी खुशियों में हँसना, रो देना चोट जो लगी
घरवाले भी हमसे करते थे दिल्लगी
कहते मीठा, फिर खिलाते जो तीखा
वो बचपन का दौर जो बीता
जिंदगी का सबसे पल था वो मीठा
कभी बनना था डॉक्टर, कभी बनना था शायर,
हर पल बदलते थे सपने
कोई थे भैया, कोई थे चाचा
हर कोई जैसे हो अपने
छोटी–सी मुश्किल में चेहरा होता जो फीका
वो बचपन का दौर जो बीता
ना कोई गम था ना कोई डर था
बस खेल–खिलौनों का फिकर था
बचपन का हर पल होता है अनूठा
वो बचपन का दौर जो बीता
जिंदगी का सबसे पल था वो मीठा

## कन्या भ्रूण हत्या



अंकिता पारीक
बी.एड. प्रथम वर्ष
श्री महालक्ष्मी बी.एड. कॉलेज

कोख में पल रही एक मासूम अपने जीवन की
आस लगाये समाज से अपना सवाल करती है
मैं एक लड़की हूँ
पल रही हूँ माँ की कोख में
क्या आने दिया जाएगा मुझे इस संसार में ?
ये सोचकर सवाल सा उठ जाता है मन में
क्या जो पंख पल रहे हैं उन्हें बाहर आने से
पहले ही मिटा दिया जाएगा ?
क्या खुल पायेगी मेरी आँखें आसमान देखने
क्या जीत पाएगी उस माँ की आशा ?
जो दिखाना चाहती है मुझे ये सुन्दर प्रकृति
माँ जब मुझे सहलाते हुए बातें करती है
सुनाती है सुन्दर–सुन्दर अपने जीवन की कहानियाँ
मैं नम सी हो जाती हूँ माँ की कहानियाँ सुनकर
क्या बन पाऊँगी उन कहानियों का हिस्सा मैं भी ?
मैं एक लड़की हूँ पल रही हूँ माँ की कोख में।।

## माता-पिता रा आशीर्वाद



राज कँवर
D.El.Ed. II Year
श्री महालक्ष्मी बी.एस.टी. कॉलेज

तू माता–पिता रा आशीर्वाद सूं आगे बढ़तो जा,
अरे उपकारी रा उपकारों ने याद करतो जा।
नव महीना तक थारो भार उठायो,
बाल्यवय में थारो शिक्षण करायो।
दुःख खुद सह्यो, पण थनै सुख में राखियो,
याद करतो जा । तू...।
रात–रात भर जाग्या पण थनै सुलायो।
खुद री नहीं की चिन्ता, थनै सुख सूं जीमायो।
और सुख रा झुला थनै सुलायो, याद करतो जा। तू।
जो मागियों वो दियो, पण मन नहीं तोड़ियो
जवानी री अकड़ाई में, वांसू मुखड़ो मोडियो।
अरे तन–मन–धन री कुरवानी ने, याद करतो जा। तू।
फूल बिछा जा, मार्ग पर मत वनजे कांटा
विनय विवेक और मर्यादा सूं सेवा खूब करजे
अरे कृतज्ञ बनी ने आदर करणो, याद करतो जा। तू।
माता–पिता उपकारी है आगमकार बतावे,
ठाणांग सूत्र पढ़ लीजो, जो जीवन राह बतावे,
गुरुदेव री सांची शिक्षा याद करतो जा।

## नारी



ज्योति
बी. ए. अंतिम वर्ष
श्री महालक्ष्मी गर्ल्स कॉलेज

कर हौंसला बुलंद तू ...........
जो ख्वाब देखे, कर उसे सच तू
खुद की अहमियत को पहचान तू
कंधे से कंधा मिला तू
समाज में अपनी पहचान बना तू
अपने भीतर की शक्ति को जरा पहचान तू
भले ही आसमां छोटा
फिर भी
अपने पंख फैला तू ..............
चलती नहीं दुनिया
किसी एक के चलाने से
इसमें अपनी भी अहम् भूमिका निभा तू
त्याग, बलिदान, कर्तव्यनिष्ठा
और सयंम की मूर्त है तू
इन्हें अपना मजबूत हथियार बना तू
कर हौंसला बुलंद तू ............
और भर एक ऊँची नई उड़ान तू
कर हौंसला बुलंद तू ..............

## मेरा कॉलेज



ऐवन चौधरी
बी.ए.बी.एड. द्वितीय वर्ष
श्री महालक्ष्मी बी.एड. कॉलेज

एक ऐसा प्रांगण
जहाँ खिलती हैं हजारों कलियाँ
जहाँ निखरती हैं हजारों प्रतिभाएँ
एक ऐसा प्रांगण
जो है सिर्फ लड़कियों का
जो देखती हैं सपने कुछ करने का
एक ऐसा प्रांगण
जहाँ कोई विभेद नहीं, झिझक नहीं
और न कोई निराशा की आशा
है तो सिर्फ उड़ान भरने की अभिलाषा
एक ऐसा प्रांगण
जो देता है असीम प्रोत्साहन
जो देता है अनगिनत यादें
जो देता है भरपूर ज्ञान
जिसका कर सदुपयोग
बुलन्दियाँ छूती है लड़कियाँ .....।

## घणी – घणी बधाईयाँ

- **श्री महालक्ष्मी शिक्षण संस्थान** को **मोनालिसा सोसायटी** द्वारा बालिका शिक्षा को समर्पित अग्रणीय संस्थान के लिए सम्मानित किया गया।
- संस्थान **अध्यक्ष श्री मनोहरलाल जी पुंगलिया, अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन** के निर्विरोध **कोषाध्यक्ष** चुने गए।
- **स्वच्छता सर्वेक्षण 2021** के अन्तर्गत नगर निगम उत्तर जोधपुर के **महापौर माननीया कुन्ती देवड़ा** द्वारा **श्री महालक्ष्मी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय** को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।
- **श्री महालक्ष्मी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय** की **स्काउट गाइड प्रभारी विभारानी शर्मा** को **राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड स्थानीय संघ** जोधपुर के व्यवहारिक अधिवेशन के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।
- **श्री महालक्ष्मी बी.एड. कॉलेज** की बी.ए.बी.एड. तृतीय वर्ष की छात्राध्यापिका **पार्वती विश्नोई** ने **जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जूनियर बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2021** में **स्वर्ण पदक** प्राप्त किया।
- **Tanisha Chouhan** student of **Laxmi Devi Mundra Public School** cracked IIT-JEE 2021 and secured admission in **IIT Delhi.**
- **Payal Rathi** student of **Shri Mahalaxmi Girls College** has cleared **CA Examinations.**


LOHIYA
METALS
Use Aluminium - Save Environment
लोहिया एल्युमिनियम
LOHIYA ALUMINIUM
MANUFACTURE | DEALER | CONTRACTOR
ALL TYPES OF ALUMINIUM PRODUCTS
Plot No. 18, Near KIA Motors
CAZRI Road, Jodhpur
+91 94140 24665
+91 96100 23123
Also follow us on:
Lohiyametals


94143 94039
97826 63300
ललित एजेन्सीज
सभी प्रकार के दुपहिया वाहनों के पार्टस के
होलसेल विक्रेता
TVS
HONDA
UNO MINDA
SPARK MINDA
ASHOK MINDA GROUP
ENDURANCE
varroc
EXCELLENCE
LUMAX
वैभव लक्ष्मी टॉवर, पुराना कोहिनूर के सामने, इंडियन बैंक के पास, 4 चौपासनी रोड, जोधपुर

पश्चिमी राजस्थान का भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## एक मात्र इंस्टीट्युट

N·S·D·C National Skill Development Corporation — Transforming the skill landscape | Skill India कौशल भारत-कुशल भारत | G·S·D·M Gramin Skill Development Mission

# REGENT
An Institute of Career Management





**Dr. Kanchan Jajoo**
Director



**Dr. Khyati Jajoo**
Asst. Director



**Manoj Singhvi**
Chairperson



**Sureshh Jajoo**
Chairperson

क्या आप भी अपने पसंदीदा Field में

## अपना भविष्य बनाना चाहते हैं ?

तो आईये !!!

REGENT Institute में, जहाँ है 10+ Skill Based Professional Courses

# ADMISSION OPEN

- Event Management (Diploma)
- Social Media Marketing (Diploma)
- Photography (Certificate/Diploma)
- Public Speaking / Anchoring / RJ
- Personality Development
- Cook & Bake
- Content Writing
- Classical Dance (Kathak) (Diploma & Degree)
- Western Dance
- Vocal & Instrumental
- English Spoken

Trained & Experienced Faculty

100% Job Placement Support

Internship Programme

**Special Offer 20% Discount for Feb., 2022 Registration**

## REGENT INSTITUTE OF CAREER MANAGEMENT

9th Chopasani Road, Standard Chartered Bank Street,
Jodhpur. Mob. 9828380024 • www.regenteducation.in

CreativePoint